Dr, P. K. Singh - Guest Teacher
Deptt of History. Sem-II Core-III
Adarsh College Rajdhanwar.

प्रश्न - शकों पर टिप्पणी लिखिए।

उत्तर - यूनानियों के बाद भारत में आने वाले विदेशी शासक शक थे। चीनी इतिहासकारों से ज्ञात होता है कि 175-165 ई० पू० हुणों ने उत्तर पश्चिम चीन में निवास करने वाली यूह-चि जाति को पराजित कर भगा दिया। पुनः युह-चि जाति का संघर्ष सिर दरिया नदी के प्रदेश में निवास करने वाली शकों से हुआ। शक लोग पराजित होकर अनेक दिशाओं में जा बसे। उनकी एक शाखा बोरवारा के उस पार जा बसी तथा दूसरी शाखा ने हेलमन्द घाटी पर अपना अधिकार कर उसे शकस्तान का नाम दिया। शकों के निम्नलिखित पांच शाखाएँ थी:-

एक शाखा अफगानिस्तान में बस गई,
दूसरी शाखा की राजधानी तक्षशीला थी,
तीसरी शाखा ने लगभग दो शताब्दी तक मथुरा में शासन किया।
चौथी शाखा ने पश्चिमी राज्य में ई० पू० चौथी शताब्दी तक ~~राज्य किया~~ शासन किया।
पांचवी शाखा ने उपरी दक्कन पर अपना राज्य स्थापित किया।

शक नरेशों के प्रान्तीय शासक क्षत्रप कहलाते थे। क्षत्रप व्यवस्था में प्रत्येक प्रान्त में दो क्षत्रप हुआ करते थे। एक महाक्षत्रप दूसरा ~~क्षत्रप~~ क्षत्रप जो महाक्षत्रप का ही पुत्र एवं उसका उत्तराधिकारी होता था।

शक सम्राटों ने एक सुसंगठित शासन व्यवस्था की स्थापना की थी विशाल साम्राज्य को विभाजित कर उसे क्षत्रप तथा महाक्षत्रप के अधीन कर दिया। सम्राट अधिराज महाराज राजाधिराज राजाधिराज की उपाधियां धारण करते थे। शक शासकों में रूद्रदमन प्रमुख शासक थे। शकों ने भारतीयों के साथ वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किया। बौद्ध धर्म को अपनाया मथुरा तक्षशिला बौद्ध धर्म के प्रधान केन्द्र थे व्यापार में काफी उन्नति हुई थी। रोम से सोना आता था। शक शासक की क्षत्रप प्रणाली ईरान की देन है। शक शासकों ने संस्कृत भाषा को प्रोत्साहन दिया। रूद्रदमन ने सिंचाई के लिए सुदर्शन झील का मरम्मत करवाया। वह गन्धर्व विद्या में निपुण था।

वस्तुनिष्ठ:-

A- क्षत्रप प्रणाली देन है
क- ईरान की ख- चीन की

B- किस वंश ने सुदर्शन झील का मरम्मत करवाया
क- शक वंश ख- शुंग वंश

C- शक शासकों ने किस धर्म को अपनाया
क- बौद्ध धर्म ख- जैन धर्म

D- भारत में क्षत्रप प्रणाली लागु की
क शक वंशों ने ख- कुषाण वंश ने

E शक शासकों ने किस भाषा को प्रोत्साहन दिया
क- संस्कृत ख- उर्दू

उत्तर- A-क, B-क, C-क, D-क, E-क,